सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 213 | इंदौर, सोमवार 12 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

कल मंगलवार को होने वाले

## " मंथरा गान " के पांचवें सत्र में आप सभी आमंत्रित है..

मंथरा गान एक ऐसा विचार व प्रयास है जिसे हम कह सकते हैं कि भूतो ना भविष्यति... रामायण के सबसे आलोचन पात्र की व्यथागाथा का श्रवण करें। आइये एक उपेक्षित स्वर की मनगाथा का श्रवण कीजिए।

16 जनवरी से प्रारंभ प्रति मंगलवार, संध्या समय: 6.00 बजे से 7.00 बजे तक

(श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति, आरएनटी मार्ग, इंदौर)

संपर्क सूत्र : - एल.एन. उग्र
सूत्रधार/संयोजक
मो. 9425039071

...पिछले सत्र की झलकियां...














## श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति

आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा | अद्भुत | एतिहासिक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर

"मंथरा गान"

का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :

"पुष्पेन्द्र पुष्प"

समय : 16 जनवरी 2024 से प्रति मंगलवार
समय : सायं 6:15 से 7 :00
स्थान : श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समितिसभाग्रह, इन्दौर

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा

कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

भवदीय

| | | |
|---|---|---|
| एल.एन.उग्र | हरेराम वाजपेयी | अरविन्द जवलेकर |
| सूत्रधार | प्रचार मंत्री | प्रधानमंत्री |
| 9425039071 | | श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति,इन्दौर |

# एमआर-10 से भानगढ़ का रोड अधूरा, रहवासियों में आक्रोश

## अब कल से पेड़ और बिजली पोल शिफ्टिंग का होगा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआर-10 से भानगढ़ रोड चौड़ीकरण नगर निगम कर रहा है। पिछले 4 महीने से रोड का काम बंद पड़ा है। अधूरे रोड को लेकर रहवासियों में आक्रोश है, क्योंकि रोड चौड़ीकरण के चलते एक तरफ की पट्टी तो बन गई, लेकिन बाकी तीन पट्टियां खुदी पड़ी है। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अधूरे रोड के काम को पूरा कराने की गुहार क्षेत्रीय लोग निगम के अफसरों से लगा रहे थे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने जनकार्य प्रभारी से शिकायत की। इसके बाद प्रभारी अपने साथ निगम के जिम्मेदार अफसरों लेकर कल मौके पर पहुंचे और अधूरे पड़े रोड का काम शुरू करने का कहा। इसके चलते अब कल से पेड़ और बिजली पोल शिफ्टिंग का काम शुरू होगा।**

निगम एमआर 10 से भानगढ़ पुल तक तकरीबन 8 करोड़ रुपए की लागत से 100 फीट चौड़ी सड़क बना रही है। दो किलो मीटर तक यह रोड फोर लेन बनाई जा रही है। इसके चलते रोड की एक पट्टी का सीमेंट कांक्रीट हो गया है। बाकी तीन पट्टियां खुदी पड़ी है। इसके साथ ही पिछले 4 महीने से काम बंद पड़ा है। इसे शुरू करवाने के लिए क्षेत्रीय रहवासियों ने संबंधित जोनल अफसर से लेकर निगम के अन्य अफसरों से गुहार लगाई, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई और काम बंद पड़ा। अफसरों के सुनवाई न करने पर रहवासियों ने शिकायत जनकार्य विभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौर को करने के साथ अधूरे पड़े रोड की वजह से हो रही परेशानी से अवगत कराया। इसके चलते प्रभारी राठौर कल जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, सहायक यंत्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी और सहायक उद्यान अधिकारी चेतन पाटिल सहित अन्य अफसरों को अपने साथ लेकर मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही सड़क बनाने वाले ठेकेदार सोनी सलूजा को भी बुला लिया गया। इस दौरान क्षेत्र के तकरीबन 200 लोग भी इकट्ठा हो गए।

पिछले चार महीने से रोड का काम बंद होने को लेकर जब प्रभारी राठौर ने ठेकेदार सलूजा से सवाल किए तो उसने कहा कि पेड़ और बिजली पोल शिफ्टिंग न होने से काम बंद है। इस पर प्रभारी राठौर ने अफसरों से पेड़ और पोल शिफ्टिंग क्यों नहीं हुई पूछा? उन्होंने बताया कि पोल शिफ्टिंग का काम विद्युत विभाग के पास है, जिसे टेंडर कर ठेका दे दिया है। इस पर प्रभारी राठौर ने पोल शिफ्टिंग के ठेकेदार नितिन जैन को भी मौके पर बुलवा लिया और ठेका लेने के बाद काम शुरू न करने पर फटकार अलग लगाई। साथ ही प्रभारी राठौर ने ठेकेदार को कल से बिजली पोल शिफ्टिंग का काम शुरू करने का कहा। इसके साथ ही पेड़ शिफ्टिंग के निर्देश सहायक उद्यान अधिकारी पाटिल को दिए गए। दोनों काम होने पर रोड चौड़ीकरण का काम तेज गति से करने का ठेकेदार सलूजा से कहा। प्रभारी राठौर ने अपर आयुक्त राजनगांवकर और अधीक्षण यंत्री लोधी को निर्देशित किया कि रोड चौड़ीकरण के काम की हर एक महीने में समीक्षा करें ताकि काम गति से चले और लोगो को असुविधा न हो।

# महाकाल सेवा संघ ने किया दशहरा मैदान पर भूमिपूजन

### 2 मार्च से महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती सुनाएंगे शिव महापुराण कथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महाकाल सेवा संघ द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन 2 से 8 मार्च तक किया जाएगा। इस आयोजित की जाने वाली कथा के निमित्त भूमिपूजन का कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे कथा स्थल दशहरा मैदान पर किया गया। संस्था प्रमुख ज्योति तिवारी और महेश पुरी ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ और विधायक मधु वर्मा के संरक्षण में होने वाली इस भव्य शिव पुराण कथा महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती (वृन्दावन) के मुखारविंद से सुनाई जाएगी। शिवपुराण कथा 2 मार्च से 8 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी।कथा आयोजक पार्थ मुंशी, डिम्पल शर्मा और अशोक चंदानी ने बताया कि परम पवित्र विराट आयोजन का धर्म जागरण और हमारी संस्कृति तथा परंपराओं को चीर स्थाई बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कथा आयोजन के लिए प्रत्येक समाज के लोगों का बढ़-चढ़कर सहयोग मिल रहा है। गणेश तिवारी और जोगेश कुकरेजा ने बताया कि कथा के बाद महाआरती होगी और उसके बाद प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

# एक लाख से अधिक लोगों ने लिया आत्महत्या न करने का संकल्प

## जैनाचार्य श्री विजयराज की प्रेरणा से चल रहा आत्महत्या मुक्त विश्व अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज की सदप्रेरणा से शांतक्रान्ति संघ द्वारा वैश्विक स्तर पर आत्महत्या मुक्त विश्व अभियान चलाया जा रहा है। लगभग तीन वर्षों बाद इंदौर शहर में पधारे जैनाचार्य श्रीविजय राज जी महाराज समाज मे संस्कार निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों की प्रेरणा देते आये हैं। इसी क्रम में पिछले 02 वर्षों से आचार्य श्री की प्रेरणा से वैश्विक स्तर पर समाज मे बढ़ते मानसिक अवसाद एवं भौतिक तनाव से युवा पीढ़ी को बचाने के लक्ष्य से आत्महत्या मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।**



आचार्य श्री द्वारा समय समय पर इस विषय पर प्रेरक प्रवचन, विवेचना, लेख आदि के माध्यम से मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जीवन मे असफलता से सीख लेने की प्रेरणा दी जा रही है।इंदौर के महावीर भवन में बिराजमान आचार्य श्री ने आत्महत्या को एक सामाजिक अभिशाप बताते हुए सदैव आशावादी दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया है। आचार्य श्री ने जीवन मे सहनशीलता की प्रवृत्ति अपनाने पर जोर देते हुए फरमाया कि एक असफलता जीवन का अंत नहीं होती। यदि मनुष्य स्वतं पर भरोसा रखें तो वो खुद इंसान से भगवान बनने की क्षमता रखता है। आचार्य श्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण का महत्व बताते हुए बताया कि पॉजिटिव सोच वाले व्यक्ति हर आपदा में एक अवसर खोज लेता है। शांतक्रान्ति जैन संघ के मीडिया प्रभारी श्री प्रकल्प जैन ने बताया कि शांतक्रान्ति संघ द्वारा आचार्य श्री की प्रेरणा से वैश्विक स्तर पर आत्महत्या मुक्ति विषय पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कॉउंसलर एवं ट्रेनर को तैयार करते हुए स्कूल, कॉलेज, सोशल ग्रुप, अभिभावकों आदि कम्युनिटी में आत्हत्या के विचार से बचने हेतु वैज्ञानिक ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन, ऑफलाइन आदि सभी माध्यमों से अब तक देश विदेश में आयोजित विभिन्न कैम्प्स में एक लाख से भी अधिक लोगों को इस विषय पर जागरूक करते हुए आत्महत्या न करने के संकल्प भरवाए जा चुके हैं। तात्कालिक अवसाद एवं भावावेश में आत्महत्या जैसा कदम उठाने के बारे में सोचने वाले व्यक्तियों को काउंसलिंग देने के लिए इस अभियान द्वारा एक निशुल्क कालिंग हेल्पलाइन भी चलाई जा रही है। विरक्ति दीक्षा महोत्सव के संयोजक संजीव लोढ़ा ने बताया कि आगामी 18 फरवरी को आचार्य श्री के सानिध्य में चार युवा सांसरिक जीवन त्याग करके जैन दीक्षा लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर दीक्षा समारोह में देश भर से आने वाले सभी अतिथियों को आत्महत्या मुक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें आत्महत्या न करने का संकल्प दिलवाया जाएगा।

### कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# बैठक में मिलेगी विश्राम बाग में टॉय ट्रेन को स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आम चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए नगर निगम की परिषद् बैठक 15 फरवरी को कराई जा रही है। बरसों के इंतजार के बाद निगम के नए परिषद् हॉल में यह बैठक होगी। जिसमें पहली बार चार महीने निगम चलाने के लिए लेखानुदान पर मंजूरी होगी। विश्राम बाग में टॉय ट्रेन का प्रस्ताव भी आया है। परिषद् बैठक को लेकर एजेंडे तय हो चुके हैं, जिसमें सयाजी होटल के पीछे का मुक्तिधाम, पीपीपी मोड पर टॉय ट्रेन चलाने, चिड़ियाघर के गेट के पास पीपीपी मॉडल पर 4-डी सिनेमा थियेटर और वर्च्युअल जंगल सफाई बनाने और 15 साल तक चलाने के काम की मंजूरी दी जाएगी।**

शहर के तालाबों से जलकुंभी हटाने और पानी को साफ करने के लिए पीपीपी मॉडल पर काम की मंजूरी, कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टिकाकरण के नए ठेके, अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए शुल्क बढ़ाने और पुराने बकायादारों के एक मुश्त आधा पैसा जमा कराने पर बाकी पैसा फ्रीज करने, आजाद नगर के वार्ड में बने नए मटन मार्केट की दुकानों के आरक्षण में बदलाव कर तीस साल तक किराए पर देने की मंजूरी, शहरी सीमा में चिकन और मछली बेचने वालों के लाइसेंस शुल्क की नई दरें लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। पार्किंग शुल्क भी निगम बढ़ाने जा रहा है। एरोड्रम थाने से छोटा बांगड़दा होते हुए एमआर-5 को मिलाने वाली सड़क को सिक्स लेन बनाने और बायपास पर राऊ सर्कल से डीपीएस स्कूल तक की एक लेन को बनाने के काम भी मंजूरी दी जाएगी। जलूद पंपिंग स्टेशन पर लगने वाले 60 मेगावाट के सोलर प्लांट की मंजूरी भी परिषद् से होगी।

# अब इंदौर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलित प्रयोगशाला में होगी दूध की जांच

## एडवांस्ड मिल्कोमीटर से दूध से जुड़ी 35 तरह की हो सकेगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । बाजार में बिकने वाला दूध शुद्ध है या नही, इसकी जांच करने के लिए प्रदेश के हर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग के पास एडवांस्ड मिल्कोमीटर होगा। इस उपकरण को अगले माह के पहले सप्ताह में प्रत्येक जिले को उपलब्ध कराए जाने की योजना है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है।**

दरअसल, अभी भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा इंदौर , भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के 15 जिलों में खाद्य चलित



प्रयोगशाला की सौगात दी गई है, जिसमें पुराने मिल्कोमीटर लगे हैं। अब इनको नए एडवांस्ड मिल्कोमीटर से अपडेट किया जाएगा। वहीं प्रदेश में आने वाली 40 नवीन चलित प्रयोगशालाओं में पहले से एडवांस्ड मिल्कोमीटर लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पुरानी चलित प्रयोगशालाओं में लगे मिल्कोमीटर में चार-पांच जांच ही हो पाती थी। अब एडवांस्ड उपकरण से दूध से जुड़ी 35 तरह की जांच आसानी से हो सकेंगी। इतना ही नहीं, दुग्ध जांच की रिपोर्ट भी दो-तीन मिनट में मिल जाएगी।

### तीन माह पहले दिया था प्रशिक्षण

दूध की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारियों को तीन माह पहले मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था। विशेषज्ञों की मानें तो दूध की जांच करने की मशीन जिले में उपलबध होने पर प्राथमिक स्तर पर जांच कर कार्रवाई करने में आसानी होगी। सैंपल की प्राथमिक जांच में गड़बड़ी मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा सकेगी।



# इंसियाह ने टेनिस टूनार्मेंट के एशियन अंडर 16 में पाया तीसरा स्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मां अहिल्या की नगरी कहलाने वाले इंदौर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। किशोरावस्था से ही इस शहर का नाम रोशन करने वालों की सूची में अब इंसियाह महूवाला का नाम भी जुड़ गया है, जिसने एक बार फिर से नेशनल और अब एशियन प्रतियोगिताओं में शहर और स्कूल का नाम रोशन करते हुए गुडगांव में आयोजित टेनिस टूनार्मेंट के अंडर 16 सिंगल में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए खिताब पाया है। इंसियाह पिता हुजैफा महूवाला रेयान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा हैं, जिसने गत दिनों गुडगांव में आयोजित टेनिस टूनार्मेंट में भाग लिया । इंसियाह के कोच जय परदेशी ने बताया कि अंडर 16 में इंसियाह ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गर्ल्स सिंगल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के पूर्व भी इंसियाह कई खिताब अपने नाम कर चुकी है। एक बार फिर से अपने शहर और स्कूल का नाम रोशन करने वाली इंसियाह की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या डार्ली जैकब, स्कूल स्टाफ और अन्य सभी ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# वेंकटेश नगर में आस्था का अनोखा समागम

## महायज्ञ में आहुतियां, 12 वर्षीय कृष्ण प्रिया जी व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत ज्ञान पर संगीतमय प्रवचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्या की नगरी इंदौर में पश्चिम क्षेत्र वेंकटेश नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आज से पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन शुरू हुआ इस दिव्य आयोजन की शुरूआत सुबह कलश यात्रा के साथ हुई जिसमें संत महात्माओं के सानिध्य घोड़े बैंड बाजी के साथ यात्रा निकल गई।**

विश्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पंडित योगेंद्र महंत एवं विश्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पं मनोज शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह स्मृति नगर शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ धर्म आराधना का क्रम शुरू हुआ यात्रा में घोड़े बग्गी और बैंड बाजे आकर्षण का केंद्र रहे महामंडलेश्वर कलिकानंद महाराज महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज बाग्गी पर सवार होकर पूरे मार्ग आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे बांगडदा रोड होते हुए वेंकटेश विहार हनुमान मंदिर कलश यात्रा पहुंची जहां पर प्रसादी का वितरण भी किया गया मंगल कलश लिए सैकड़ो की संख्या में महिलाएं नृत्य कर रही थी। तत्पश्चात पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मैं आहुतियां यज्ञाचार्य महामंडलेश्वर प्रीतम दास महाराज के सानिध्य में शुरू हुई। यह क्म 15 फरवरी तक जारी रहेगा । इस अवसर पर सपना शर्मा, सीमा तिवारी, सुमन वनासिया, भावना शिंदे, रेवा बुले, हेमलता महावर, खुशबू तिवारी आदि ने अपने समूह के साथ अलग-अलग व्यवस्थाओं का संचालन किया। पंडित योगेंद्र महंत और मनोज शर्मा ने बताया कि सुबह 8:30 से 11:00 तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, दोपहर में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का और कल 12 फरवरी से रात्रि में 9 से 11:00 बजे तक स्वर्णाकर्षण भैरव यज्ञ में आहुतियां का क्रम 15 फरवरी तक जारी रहेगा।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

मनुष्य जीवन बड़े ही सौभाग्य से मिलता है इसे सद कर्मों में लगाइए सद कर्म से भवसागर से पार पहुंचाएंगे। ईश्वर को धन्यवाद जरूर दीजिए कि हमें मनुष्य अवतार मिला है। यह बातें श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर दोपहर में 12 वर्षीय कृष्ण प्रिया जी( वंशिका ) जी ने व्यक्त किए।संगीत में भागवत कथा के पहले दिन श्रीमद् भागवत का महत्तम, संनकादिक ऋषियों , ज्ञान वैराग्य और भक्ति का महत्व भी व्यास पीठ से बताया गया । कथा के दौरान व्यास पीठ से अंजनी के लाल.., यह चमक यह धमक..., वृंदावन धाम रहेगा..., हरि नाम नहीं तो यह जीवन..., आदि भजनों की प्रस्तुति से पंडाल गूंज उठा।

# हरिहर सिंह चौहान और संजय वर्मा 'दृष्टि' बने प्रथम विजेता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मातृभाषा हिन्दी की प्रसिद्धि के लिए रचना शिल्पियों को स्पर्धा से सतत प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस बार 76 वीं स्पर्धा भी हुई, जिसमें 'विश्वासः मानवता, धर्म और राजनीति' विषय पर गद्य में प्रथम विजेता हरिहर सिंह चौहान (मप्र) और पद्य में संजय वर्मा 'दृष्टि' (मप्र) बने हैं। यह जानकारी मंच-परिवार अर्चनाकी सह-सम्पादक श्रीमती जैन व संस्थापक- सम्पादक अजय जैन 'विकल्प' ने दी। श्रीमती जैन के अनुसार सभी प्रविष्टियों में से श्रेष्ठता अनुरुप निर्णायक मंडल ने गद्य में श्री चौहान 'भारत की नैतिकता का प्रतीक मानवता' को पहले क्रम पर चयनित किया है, तो दूसरा स्थान गोवर्द्धन दास बिन्नाणी 'राजा बाबू' (राजस्थान) के आलेख 'संवेदना आज की आवश्यकता' को प्राप्त हुआ है।

मंच की प्रचार प्रमुख श्रीमती ममता तिवारी 'ममता' (छग) ने बताया कि, इसी प्रकार स्पर्धा में पद्य वर्ग में 'संवेदना का सेतु ढहते देखा' रचना के लिए श्री वर्मा को प्रथम विजेता चुना गया है। द्वितीय स्थान पर हिमाचल प्रदेश वासी हेमराज ठाकुर मंडी की रचना 'विद्रूप से हुए आज सब' एवं अंजना सिन्हा 'सखी' (छग) की प्रस्तुति 'सबकी सेवा कर जाना' को तृतीय विजेता के लिए चयनित किया गया है। श्रीमती जैन ने बताया कि, 1 राष्ट्रीय कीर्तिमान, 1.53 करोड़ दर्शकों-पाठकों का अपार स्नेह एवं 9 सम्मान प्राप्त इस मंच की संयोजक प्रो. डॉ. सोनाली सिंह, मार्गदर्शक डॉ. एम.एल. गुप्ता 'आदित्य' (महाराष्ट्र) व विशिष्ट सहयोगी एच.एस. चाहिल (छग) ने सभी विजेताओं व सहभागियों को हार्दिक बधाई दी है।

# शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

## व्यास पीठ से पहले दिन बताया कथा का महत्तम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांसारिक जीवन में व्यक्ति की भावनाओं और रिश्तो का बड़ा महत्व होता है प्रेम हर बंधन को जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए मनुष्य के आचरण मे प्रेम का भाव होना बहुत जरूरी है ईश्वर भी भक्तों के प्रेम में दौड़े चले आते हैं।

यह विचार हंस दास मठ श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन महात्म का वर्णन करते हुए पंडित विवेक कृष्ण शास्त्री जी ने व्यक्त किया। आयोजक विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित योगेंद्र महंत एवं प्रदेश संयोजक पवन दास महाराज ने बताया कि महामंडलेश्वर 1008 हंस पीठाधीश्वर रामचरण दास महाराज के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से शुरू हुआ है आज दोपहर में श्रीमद् भागवत कथा से पहले मंदिर परिसर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल हुए मुख्य यजमान पंडित अनंत योगेंद्र महंत श्रीमद् भागवत कथा सर पर रखकर परिक्रमा लगाई इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष भी शामिल हुए। व्यास पीठ से पं. विवेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भवसागर से पार पाने के लिए श्रीमद् भागवत का श्रवण से जीवन सफल हो जाएगा भगवान के बताएं मार्ग पर चलने और बुराइयों से दूर रहने से सांसारिक जीवन की कठिनाइयां तो दूर होगी ही साथ ही हमें निरंतर आगे की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त होगा कथा के अआज के अवसान अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया शंख घंटे घड़ियाल की मंगल ध्वनि से हंस दास मठ गूंज उठा । पंयोगेंद्र महंत और पवन दास महाराज ने बताया कि दोपहर को 4:00 बजे से 7:00 बजे तक रोजाना श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण 17 फरवरी तक अनवत अधिकारी रहेगा।

**कल से श्रीराम महायज्ञ-** ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पं योगेंद्र महंत ने बताया भगवान श्री राम के अयोध्या में विराजित होने पर हंस दास मैथ में श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है 13 फरवरी से 17 फरवरी तक पंच कुंडी श्री राम महायज्ञ होगा 17 फरवरी को सामूहिक उपनयन संस्कार निशुल्क किया जाएगा साथ ही 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन आराधना भी वैदिक पद्धति से की जाएगी।

# हरदा अग्निकांड में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नेताजी सुभाष मंच, अ.भा. स्वंतत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन और गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के तत्वावधान में हरदा अग्निकांड का शिकार हुए मृतकों के लिए गांधी प्रतिमा रीगल तिराहे पर 11 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया ने बताया कि देश में ऐसे कई हादसे रोजाना होते हैं, जिसके पीछे बड़े-बड़े सौदागरों का हाथ होता है, लेकिन उसमें बेचारे मजदूर अपनी जान गवांते हैं। शासन-प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और उनकी सम्पत्ति कुर्क कर पीड़ितों को अधिक से अधिक मुआवजा देने की मांग करते हुए मंच मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। इस अवसर पर अभा कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कैथोलिक समाज के विशब चाको, पीडी जाटवा, उमाशंकर रायकवार, फरियाद बहादुर, गोपाल कृष्ण लड्डा, संगीता वाधवानी, अजित कुमार जैन, शफी शेख, पिंटू मिश्रा, अशोक जारवाल, राहुल निहोरे, दिनेश मालवीय, नरेन्द्र सूर्यवंशी, विजय गुंगराले, रिंकू बाथरी, किशोर बाबा, बलवंत तटवाडे, अमित लोदवाल, निमिष नंदेचा, जेपी टिकरिया, कैलाश चौधरी, विजयसिंह राठौर, गणेश वर्मा, संजय जयंत, सुरेश चौधरी, मिथिलेश जोशी, रामचंद्र वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, महिलाओं पर फोकस

## मोहन सरकार का अंतरिम बजट आज होगा पेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला अंतरिम बजट (लेखानुदान) आज पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। इस फाइनेंशियल ईयर (2024-25) के पहले तीन महीनों के लिए यह बजट करीब एक लाख करोड़ का होगा, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्रियल, महिला, किसान, आदिवासी और युवाओं को केंद्र में रखकर कई प्रावधान किए जा सकते हैं।**

अंतरिम बजट में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने, एक्सप्रेस-वे के निर्माण को गति देने, औद्योगिक केंद्रों के विकास, स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित नीति के अनुरूप अनुदान देने के लिए भी राशि का प्रावधान किया जा सकता है। हालांकि, सरकार अंतरिम बजट होने के चलते कोई नई घोषणाएं नहीं करेगी। मुख्य बजट लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में मानसून सत्र के दौरान पेश किया जाएगा।




### महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना

मध्यप्रदेश सरकार ने तय किया है कि लाड़ली बहनों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए फर्स्ट फेज में शहरी क्षेत्र में 1 लाख आवास बनाने का फैसला लिया है। नगरीय विकास व आवास विभाग इसके नियम बना रहा है। सरकार अगले चार महीने के लिए इस योजना को शुरू करने के लिए अंतरिम बजट में राशि रख रही है। अंतरिम बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना, महिला स्व-सहायता समूहों को सहायता, विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की महिलाओं को पोषण आहार भत्ता देने की योजनाओं को निरंतर रखने के लिए राशि का प्रावधान किया जा रहा है।

### कर्मचारियों के लिए DA और राहत के लिए 56% के हिसाब से प्रावधान

प्रदेश में अभी कर्मचारियों को 42% की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। केंद्र इसे बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर चुकी है। प्रदेश सरकार भी इसे बढ़ाने की तैयारी में है। अंतरिम बजट में आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 56 प्रतिशत की दर से करने के लिए राशि का प्रावधान किया जा सकता है। कर्मचारियों के वेतन के लिए औसत 3% और संविदा कर्मचारियों (पारिश्रमिक) के 8% की वृद्धि के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया जा रहा है। इसी तरह मजदूरी मद व कार्यालय व्यय (पेट्रोल-डीजल सहित अन्य खर्च) के लिए 5-5% और सुरक्षा, परिवहन व सफाई मद में 10% तक वृद्धि किए जाने की उम्मीद है।

### पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए 460 करोड़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शपथ लेते ही अपनी पहली कैबिनेट बैठक में हर जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खोलने का अहम फैसला लिया था। यह स्कीम चुनाव से पहले ही बन गई थी, तब डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री थे, लेकिन लाड़ली बहना योजना की वजह से इसे रोक दिया गया था। अब लोकसभा चुनाव से पहले इसे लॉन्च किया जा रहा है। इसके लिए अंतरिम बजट में 460 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में सभी प्रकार के कोर्स की पढ़ाई हो सकेगी। मध्यप्रदेश में सरकार कुल 570 सरकारी कॉलेजों में से हर जिले में एक कॉलेज को 'पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपग्रेड करेगी।

## राज्यसभा उम्मीदवार हो सकते हैं कमलनाथ?

### सोनिया से मिलने के बाद बदले समीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब चर्चा इस बात की है कि कमलनाथ राज्यसभा जा सकते हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि उन्होंने 9 फरवरी को सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान राज्यसभा जाने की इच्छा जताई है। हालांकि, कमलनाथ समर्थक इससे इनकार करते हैं। उनका कहना है कि सोनिया से मिलकर कमलनाथ ने एक बार फिर नकुलनाथ को लोकसभा का टिकट दिए जाने की चर्चा की है। कमलनाथ के बीजेपी में भी जाने की चर्चा है। हालांकि, वे खुद इसे अफवाह बता चुके हैं। इधर, बीजेपी राज्यसभा की पांचों सीट हासिल करने की जुगत में है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेता कांग्रेस विधायकों के संपर्क में हैं। वहीं, एक्सपर्ट का कहना है कि कमलनाथ के राज्यसभा और बीजेपी में जाने की संभावना ज्यादा नहीं है। मगर, इतना जरूर है कि यदि कोई दूसरा उम्मीदवार होगा तो उसे क्रॉस वोटिंग का खतरा रहेगा, क्योंकि 20 विधायक कमलनाथ के हैं।

## शराबी पिता मारपीट करता था, बेटे ने कर दी हत्या

**जबलपुर।** जबलपुर में 7 फरवरी की रात 15 साल के नाबालिग ने पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात मोहल्ले में ही नहीं, जिलेभर में चर्चा का विषय बन गई। सबके मन में एक ही सवाल था कि आखिर एक बेटे ने अपने ही पिता की हत्या क्यों की? कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं। पड़ताल में आरोपी की मां और मृतक अजय वंशकार की पत्नी रुक्मणी से पता चला कि दो दिन पहले बहन की कैंसर से मौत और पिता का मां को बुरी तरह पीटना, इस हत्याकांड के पीछे की वजह बनी। रुक्मणी ने कहा, हाबेटी के अंतिम संस्कार के अगले ही दिन पति ने मुझे शराब के नशे में खूब पीटा।

# बोले दिग्विजय- राम और ईवीएम आपके राजनीतिक हथियार

## लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने का साहस दिखाए; पाकिस्तान ने ऐसा कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ईवीएम को लेकर लगातार चुनाव आयोग और भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि भारत रत्न, राम मंदिर और ईवीएम भाजपा के राजनीतिक हथियार है।**

इस पर भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने पलटवार किया। उन्होंने दिग्विजय सिंह से पूछा कि क्या कमलनाथ ने छिंदवाड़ा फर्जीवाड़े से जीता। उन्होंने दिग्विजय को रीवा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चुनौती भी दी।

दिग्विजय सिंह ने पर लिखा- प्रधानमंत्री मोदी जी, आपने



एक पखवाड़े में 5 भारत रत्न पुरस्कार दिए हैं। क्या यह आपके राजनीतिक खेल का एक और हथियार है? इसमें कोई संदेह नहीं कि सभी का राष्ट्रीय राजनीति और भारत की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान था, तो फिर बहन जी को खुश करने के लिए काशीराम को और उद्धव को खुश करने के लिए बाला साहेब ठाकरे जी को क्यों नहीं? आगे बढ़ो मोदी जी!

### राजनीतिक शस्त्रागार में राम और ईवीएम

दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा- यह 2024 के संसद चुनावों के लिए आपके एजेंडे में फिट होगा। आप इतने हताश क्यों हो? आपके राजनीतिक शस्त्रागार में पहले से ही प्रभु राम और ईवीएम हैं। आप ऐसे शक्तिशाली मुद्दों के साथ, 2024 का संसद चुनाव मतपत्र के माध्यम से कराने का साहस रखें।

विदेशों में संदिग्ध संगठनों के कुछ प्रमाणित सर्वेक्षणों के अनुसार आपकी दुनिया में सबसे अधिक लोकप्रिय रेटिंग है। पुतिन, बाइडेन, शी जिनपिंग से भी ऊपर। फिर आपको किस बात का डर है? आगे बढ़ें और मतपत्र के माध्यम से 2024 के संसद चुनावों की घोषणा करें। अब तो पाकिस्तान ने भी ऐसा कर दिया है।

### सिद्धार्थ तिवारी ने रीवा से लड़ने की चुनौती दी

दिग्विजय सिंह के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए रीवा जिले की त्योंथर सीट से बीजेपी विधायक सिद्धार्थ राज तिवारी ने लिखा- दिग्विजय सिंह क्या आप कह रहे हैं कि कमलनाथ ने छिंदवाड़ा फर्जीवाड़े से जीता? मैं आपको 2024 का लोकसभा चुनाव रीवा संसदीय क्षेत्र से लड़ने की चुनौती देता हूं। चूंकि आपके कट्टर समर्थक आपको सर्व-स्वीकार्य पाते हैं, इसलिए यह कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी।

# नाबालिग बेटी से 4 साल तक कराई वेश्यावृत्ति

## मां-भाई समेत तीन को 25 साल जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक महिला ने अपनी ही 14 साल की बेटी से चार साल तक वेश्यावृत्ति कराई। पहले 54 साल के पड़ोसी से दुष्कर्म करवाया। अजमेर ले जाकर होटल में भी रेप करवाया।

ग्वालियर हाईकोर्ट की प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट के विशेष न्यायालय ने लड़की की मां, उसके भाई और रेप करने वाले को 25-25 साल की सजा सुनाई है। मामले में शनिवार को फैसला सुनाते वक्त कोर्ट ने 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने इसके अलावा भी ढाई लाख रुपए पीड़ित को बतौर मुआवजा दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित के दूसरे भाई और एक अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। वहीं, एक आरोपी अभी भी फरार है।

**मां-भाई ऐसे कराते रहे दुष्कर्म-** 7 सितंबर 2019 को मूलतः ग्वालियर में पड़ाव स्थित महिला थाने में लड़की ने शिकायत दर्ज कराई। तब उसकी उम्र 14 साल थी। उसने बताया कि वह मूल रूप से दतिया की रहने वाली है। वहां माता-पिता व दो भाई के साथ रहती है। पिता रिटायर हैं।

उसने पुलिस को बताया कि मां व भाई उसे घर के पास रहने वाले 54 साल के संजू दुबे के पास छोड़कर चले जाते थे। संजू उसके साथ दुष्कर्म करता था। जब परिजन से शिकायत की, तो उसे उल्टा डांट लगा दी।

ऐसा 2015 से शुरू होकर 2019 तक चलता रहा। एक बार दौलतगंज स्थित सरस्वती भोजनालय में उसे संजू दुबे को सुपुर्द करके मार्केट चले गए। यहां भी संजू ने उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की ने बताया कि मां उस पर संजू से शादी का दबाव बनाती थी।

संजू कहता था- तेरी मां को 5 लाख रुपए दे रहा हूं

लड़की ने बताया कि जब मैं विरोध करती थी, तो संजू कहता था कि तेरी मां को 5 लाख रुपए देने वाला हूं। लड़की ने पुलिस को बताया कि 2019 में मां-भाई अजमेर गए। यहां दतिया के ही रहने वाले समीर और शानू भी पहुंच गए। परिजन ने उसे होटल में समीर के साथ छोड़ दिया और घूमने चले गए। यहां समीर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। समीर ने बताया कि उसकी मां को 20 हजार रुपए दिए हैं। पुलिस ने पीड़िता की मां, बड़े व छोटे भाई के साथ ही समीर, शानू और संजू दुबे के खिलाफ मामला केस दर्ज किया।

**कोर्ट में याचिका लगाई, तब मामला सामने आया-** मार्च 2019 में लड़की अपने मामा के यहां जालौन चली गई। यहां लड़की ने अपनी मामी को भी घटना बताई, लेकिन बदनामी के डर से उसने मामला दबा दिया। इसके बाद मामा ने लड़की को घर नहीं भेजा। वहीं, लड़की ने भी जाने से मना कर दिया। इसके बाद जुलाई 2019 में लड़की की मां ने ग्वालियर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका लगाई। इसमें बताया- जालौन में रहने वाले रिश्तेदार उसकी नाबालिग बेटी को जबरन रखे हैं। कोर्ट ने पुलिस को लड़की को पेश करने के आदेश दिए।

Uttarpradesh

# डिवाइडर से टकराई बस में जा घुसी स्विफ्ट, यमुना एक्सप्रेसवे पर कार में सवार 5 लोग जिंदा जले

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा के थाना महावन इलाके में यमुना एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा हो गया. यहां एक डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, तभी पीछे आ रही स्विफ्ट डिजायर कार बस से भिड़ गई. जिसके चलते दोनों वाहनों में आग लग गई. इस घटना में कार सवार पांच लोगों की जलकर मौत हो गई. सूचना पाकर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.



जानकारी के मुताबिक, आगरा की ओर से नोएडा जा रही प्राइवेट बस डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क पर तिरछी हो गई. इसी बीच पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार उसमे जा भिड़ी. टक्कर के साथ ही बस के डीजल टैंक में आग लग गई. इस आग की चपेट में कार भी आ गई. कार सवार पांच लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला. आग में जलकर कार के अंदर ही पांचों की मौत हो गई.

हादसे के बाद बस और कार धू-धू कर जलने लगे. बस यात्री तो कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे लेकिन कार सवार लोगों को मौका नहीं मिला. कार के अंदर ही वो जिंदा जल गए. डबल डेकर बस में करीब 50 यात्री सवार थे. दुर्घटना में कुछ यात्री घायल हुए हैं. उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है.

घटना की सूचना मिलते ही फौरन आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए. खुद डीएम और एसएसपी घटनास्थल पहुंचे. फिलहाल, मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं.

Jharkhand

## फाइलेरिया की दवा खाने से बिगड़ी 30 बच्चों की तबीयत, परिवारवालों ने जमकर किया हंगामा

**पाकुड़, (एजेंसी) झारखंड में फाइलेरिया की दवा का सेवन करने से बच्चों की बिड़ने का मामला सामने आया है। पाकुड़ सदर प्रखंड के मदनमोहनपुर पंचायत के साहापुर गांव में शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका द्वारा सहापुर स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र की छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा लंच खिलाने के बाद खिलाई गई था। दवा खिलाने के बाद लगभग 30 बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। दवा खाने से बच्चों की तबियत बिगड़ने की शिकायत करते हुए गांव में हंगामा शुरू हो गया।**

गांववालों ने ग्रामीण गांव की सेविका, शिक्षक व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी पर बेवजह दवा खिलाने के आरोप लगाए। मामले की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गुफरान आलम एवं डीएमओ डॉ. केके सिंह को दी गई। टीम एंबुलेंस लेकर गांव पहुंची। वहीं, ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और डीएमओ का घेराव कर दिया। कहा कि जब तक बच्चे ठीक नहीं हो जाते, तब तक डॉक्टरों की टीम को गांव में ही रहना पड़ेगा। वहीं, बच्चों की तबीयत ठीक होने तक एंबुलेंस भी यही रहेगी। इस दौरान हंगामा के बीच डॉक्टरों की टीम ने जिन बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, उनका चेकअप भी किया। डॉक्टरों के चेकअप से पता चला कि सारे बच्चे ठीक-ठाक हैं। इसके बाद रात करीब 10 बजे ग्रामीणों ने चिकित्सकों को जाने दिया। हालांकि ग्रामीणों की मांग पर एम्बुलेंस को गांव में ही रखा गया और अगले दिन सुबह एम्बुलेंस को जाने दिया।

Chhattisgarh

## कभी चॉकलेट तो कभी मोबाइल गेम का लालच देकर पुजारी करता था बच्चों से अननेचुरल सेक्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक पुजारी को पुलिस ने बच्चों के साथ अननेचुरल सेक्स के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को पुजारे के खिलाफ शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच करने के बाद आरोपी पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुजारी के ऊपर आरोप है कि वह बच्चों को चॉकलेट और मोबाइल में गेम खिलाने के नाम पर अपने पास बुलाता और उनके साथ अननेचुरल सेक्स करता। आरोपी पुजारी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथ नदी के किनारे एक घाट में पूजा पाठ और दाह संस्कार का कार्य करता है। पुजारी के खिलाफ कुछ महिलाओं ने शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। महिलाओं ने शिकायत में बच्चों से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप पुजारी पर लगाया है। महिलाओं की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से चांज की और जांच के बाद आरोपी पुजारी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

Uttarakhand

## हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अभी भी कर्फ्यू, 25 और लोगों को पुलिस ने उठाया

### पुलिस थाने से लूटी 7 पिस्टल और कारतूस आरोपियों के घर से बरामद

**हल्द्वानी, (एजेंसी) उत्तराखंड के हल्द्वानी हिंसा मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस टीम ने उपद्रवियों की पहचान कर 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से थाने से लूटी 7 पिस्टल और 99 कारतूस बरामद किए हैं.**

हिंसक घटनाओं में शामिल उपद्रवियों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए नैनीताल के एसएसपी प्रहलाद मीणा ने बताया कि 25 में से ज्यादातर उपद्रवियों को नैनीताल जिले की सीमा के अंदर से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस टीम ने यह भी बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और घटनास्थलों के आसपास स्थित घरों में दबिश की गई थी, जहां से कई नामजद आरोपियों के गिरफ्तार किया गया है.

बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी की हिंसक घटना के मामले में बनभूलपुरा थाने में 3 तीन 21, 22, 23/2024 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं.

खेल

# ऑस्ट्रेलिया 14 साल बाद बना अंडर-19 विश्व कप चैंपियन, चौथी बार जीता खिताब; भारत का सपना फिर टूटा

**बेनोनी, (एजेंसी)** सीनियर स्तर पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल और वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में भारत को हराने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने जूनियर स्तर पर भी भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बेनोनी में खेले गए अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया को 79 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 43.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई।




एक साल के अंदर कंगारुओं ने तीसरी बार भारतीय टीम का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया है। पिछले साल जून में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था। फिर पिछले साल ही 19 नवंबर को कंगारुओं ने भारतीय टीम को वनडे विश्व कप के फाइनल में शिकस्त दी थी। अब 85 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार टीम इंडिया को किसी खिताबी मुकाबले में हराया है।

अंडर-19 विश्व कप में यह ऑस्ट्रेलिया का चौथा खिताब है। इससे पहले वह 1988, 2002 और 2010 में भी खिताब जीत चुके हैं। 14 साल बाद ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता है। भारत पांच बार की चैंपियन है। उसने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब पर कब्जा जमाया था। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के लगातार दूसरा अंडर-19 विश्व कप जीतने के इरादे को भी ध्वस्त कर दिया। अब तक सिर्फ पाकिस्तान ही लगातार दो बार अंडर-19 विश्व कप जीत पाई है। उन्होंने 2004 और 2006 में ऐसा किया था।

ऑस्ट्रेलिया ऐसी पहली टीम बन गई है, जिसने पुरुष और महिला दोनों के आईसीसी टूर्नामेंट्स को मिलाकर लगातार चार आईसीसी के खिताब जीते हैं। फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टी20 विश्व कप जीता था। फिर जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। फिर नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर वनडे विश्व कप की ट्रॉफी जीती थी। अब फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर अंडर-19 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है।

सिनेमा

## दलजीत कौर की दूसरी शादी में मची उथल-पुथल, जल्द निखिल पटेल से ले सकती हैं तलाक?



छोटे पर्दे की जानी मानी एक्ट्रेस दलजीत कौर इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, दलजीत ने बीते साल 2023 में बिजनेस टायकून निखिल पटेल के साथ शादी रचाई थी।

इस शादी में टीवी जगत की कई मशहूर हस्तियां शामिल हुई थीं, लेकिन अब खबर आ रही है कि साल भर पूरे होने से पहले ही इन दोनों के रिश्ते में दरार आ गई है। दलजीत ने सोशल मीडिया से अपनी शादी की फोटो और अपना सरनेम दोनों हटा दिए हैं। अब इसमें एक नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, 'ईटाइम्स टीवी' से बातचीत में दलजीत कौर के एक करीबी सूत्र ने निखिल पटेल के साथ उनकी शादी के बारे में खुलासा किया है और साथ ही उनके अलग होने की वजह का भी खुलासा किया है।

सूत्र ने अनुसार, इस कपल के बीच शुरुआत में सब कुछ ठीक था, लेकिन सिर्फ कुछ समय के लिए ही। सूत्र के मुताबिक, दलजीत और निखिल की शादी में कुछ समय के बाद दिक्कतें होने लगी और परेशानियां बढ़ गईं कि दोनों को लगा कि वो एक-दूजे के लिए नहीं बने हैं।

# संपादकीय

## आतंकियों पर कसता शिकंजा

इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के सफाए के लिए सरकार और सुरक्षा बलों की ओर से जिस तरह मोर्चा लिया गया है, उसकी वजह से आतंकी संगठनों की राह मुश्किल हुई है। मगर यह भी सच है कि कसते शिकंजे से उपजी हताशा के बाद अब आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों को अलग शक्ल देना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ समय से किसी की पहचान कर या निशाना बना कर की जाने वाली हत्याओं के जरिए अब वे शायद यही दर्शाना चाहते हैं कि उनका वजूद बचा हुआ है। हालांकि जिस तरह जम्मू-कश्मीर के बाहर से आए किसी मजदूर की पहचान के आधार पर उन पर लक्षित तरीके से हमला किया जा रहा है, उससे यह साफ है कि अब उनके भीतर हताशा गहरा रही है। गौरतलब है कि बुधवार को श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में आतंकवादियों ने पंजाब के एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। उस गोलीबारी में एक अन्य मजदूर भी बुरी तरह घायल हो गया था और गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी भी जान चली गई। कश्मीर में यह इस वर्ष की पहली लक्षित हत्या की घटना है। आतंकवाद से सामना करने के संदर्भ में सरकार की ओर से आए दिन यह दावा किया जाता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की नकेल कसने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरती जा रही है और उनका जोर कम हो रहा है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और है। आए दिन सुरक्षा बलों पर होने वाले हमलों के अलावा बीते कुछ वर्षों के दौरान निशाना बना कर की जाने वाली हत्या की घटनाओं से यही पता चलता है कि अब आतंकवादी संगठनों ने अपनी गतिविधियों के तौर-तरीके बदले हैं और आम लोगों के बीच आतंक फैलाने के लिए लक्षित हत्याएं शुरू कर दी हैं। पिछले वर्ष भी कई स्थानीय और बाहरी इलाकों से आकर गुजारा करने वाले कई मजदूरों की हत्या कर दी गई थी। इसका मकसद मुख्य रूप से यही है कि पहचान के आधार पर अलग-अलग समुदायों के बीच आपस में संदेह और दूरी बनाने का माहौल पैदा किया जाए, ताकि असुरक्षाबोध से घिरे लोगों का इस्तेमाल हथियार के तौर पर हो सके। यह आतंकवादियों की नई रणनीति है, जिसके जरिए वे सुरक्षा-व्यवस्था के मजबूत होने के सरकार के दावों को झुठलाना चाहते हैं। हालांकि सरकार ने आतंकी संगठनों पर नकेल कसने के लिए हर स्तर पर कदम उठाए हैं और इसका नतीजा भी देखने में आया है। अब सरेआम आतंकी हमलों की घटनाएं कम हुई हैं, मगर आतंकी संगठनों की नई रणनीति के लिहाज से सुरक्षा बलों को अपना मोर्चा तैयार करना होगा। घाटी में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर काम करते हैं और वहां की अर्थव्यवस्था में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*पड़ गई है जबान उलझन में*
*जो छुपाना है वो बताना है*
*हम जहां वहीं पे मिलते हैं*
*जो पता है वही ठिकाना है*

॥ॐ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भगवत भक्ति के बिना मोक्ष सुख टिकता नहीं।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर-सपाटा

# दिल्ली से 3 घंटे की दूरी पर हैं घूमने की ये जगह, यहां करें वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट



फरवरी के महीने का इंतजार प्यार के पंछियों को हमेशा रहता है। इस महीने में आने वाला वैलेंटाइन डे सभी लवर्स के लिए खास है। इस दिन कपल्स एक दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। समय बिताने के लिए सबसे अच्छा है कि आप कहीं घूमने के लिए चले जाएं। वैलेंटाइन डे पर अपने पार्टनर को उनके खास होने का एहसास कराना चाहते हैं, तो उन्हें दिल्ली के पास की कुछ खूबसूरत जगहों पर घूमाने के लिए ले जा सकते हैं। यहां बता रहे हैं दिल्ली से 3 घंटे की दूरी पर घूमने की बेस्ट प्लेस-

### →आगरा

दिल्ली से आगरा एक्सप्रेस वे के जरिए 2 से 3 घंटों में पहुंच सकते हैं। अगर आप दिल्ली से आगरा जा रहे हैं तो एक दिन में वापिस लौट भी सकते हैं। यहां घूमने के लिए कई जगह हैं, लेकिन वैलेंटाइन डे पर पार्टनर के साथ प्यार की निशानी यानी ताज महल देखने के लिए जाएं।

### →सोहना

पहाड़ी नजारों से पूर्ण सोहना सुकून का पल बिताने के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। पार्टनर के साथ इस जगह पर घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से यहां 1-2 घंटे में पहुंच सकते हैं। यहां पर आप पार्टनर के साथ कई एडवेंचर एक्टिविटीज का मजा ले सकते हैं।

### →नीमराना फोर्ट

एक दिन में अगर आप घूमर वैपिस लौटकर आना चाहते हैं तो नीमराना फोर्ट जा सकते हैं। दिल्ली से ये फोर्ट 122 किलोमीटर की दूरी पर है। किले में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां आप जिप लाइनिंग टूर का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा रिलैक्स करने के लिए पार्टनर संग स्पा थेरेपी और स्विमिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### →दमदमा लेक

खूबसूरत झील के किनारे सुकून से पार्टनर संग बैठकर वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करना चाहते हैं को दमदमा लेक जा सकते हैं। दिल्ली से यहां पहुंचने में 1 घंटे के करीब लगेगा। झील में आप बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सकते हैं।

## Highlights

1. **PM Modi distributes 100k+ appointment letters at Rozgar Mela today**
2. **President's Gujarat & Rajasthan visit scheduled from 12 to 14 Feb**
3. **What are the traffic restrictions imposed at Singhu, Tikri and Ghazipur borders?**
4. **After France, UPI to be launched in Sri Lanka, Mauritius today**
5. **Our swift action reunited heroes with home: Govt on 8 ex-Navy officers' release by Qatar**

# Ayodhya to get mega tourism push, 5-star hotel near Ram temple

**NEW DEIHI, (Agency).** Online travel company EaseMyTrip has announced a five-star luxury hotel project in the temple town of Ayodhya, eyeing a 10x growth in wake of the 'Pran Pratishtha' ceremony of the Ram temple.

Rikant Pitti, the co-founder of EaseMyTrip said that the hotel will be situated less than a kilometre from the Ram Lalla temple.

"This venture represents a significant investment of up to ₹100 crore through Jeewani Hospitality Private Limited, leading this visionary project," he was quoted by ANI as saying.



Experience Delhi's rich history through a series of heritage walks with HT! Participate Now


EaseMyTrip aims to 'redefine' the hospitality experience for pilgrims and tourists in Ayodhya, the holy town situated on the banks of Saryu river in Uttar Pradesh.

"This project, a collaborative effort between EaseMyTrip's extensive know-how in travel and Jeewani Hospitality's hospitality excellence, aims to elevate the standard of luxury lodging in Ayodhya. It signifies EaseMyTrip's strategic expansion and its commitment to enhancing India's tourism sector," Pitti added.

The company is dedicated to delivering 'unparalleled travel experiences' and improving the country's tourism infrastructure, Pitti added.

# To counter to hazardous air, Dyson Purifier Big+Quiet rethinks size and method

**NEW DEIHI, (Agency).** Breathing doesn't come easy for those of us living in many cities and towns in India. Outdoors, and as we increasingly realise, indoors too. There's very little you can do about the outdoors (wear a face mask, perhaps) but indoors, air purifiers can do the trick. Size is key, if you're looking at a large room size. That'll translate into large air intake quantities, equally big filters to trap pollutants and better dispersion of clean air within a big indoor space. Purifiers for homes don't get much larger in footprint than the Dyson Purifier Big+Quiet.





It may not tickle your sense of aesthetics at first glance (or the second; but the design slowly finds a place within your room) but as I've used it through a period of extreme pollution in the Delhi NCR region, I'd prefer to not part from it. Its foundations are similar to the previous generations of Dyson indoor air purifiers, complete with the 360-degree air intake. But that's where things see a significant upgrade. The size is much larger in diameter and the clear air emerges from a vent angled towards the ceiling of the room (Dyson's purifiers otherwise tend to have a forward clear air throw).

Experience Delhi's rich history through a series of heritage walks with HT! Participate Now

That vent itself is an anchor for scientific design, inspiration coming from a cone.

बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा...

# स्कूल बस को चार्टड बस ने मारी टक्कर, छात्र सहित चार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सोमवार की सुबह राजीव गांधी चौराहे के पास मां विहार कॉलोनी के गेट पर इंदौर-रतलाम चार्टर्ड बस ने श्री सत्य विद्या विहार स्कूल की खड़ी बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक छात्र सहित चार लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि बाइक सवार को बचाने में चार्टड बस का चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया।





हादसे में में बस के हेल्पर और असिस्टेंट भी चोटिल हो गए। बस कॉलोनी के गेट पर खड़ी थी। एक पालक ने जैसे ही अपने बच्चे को बस में बैठाया कि यह दुर्घटना हो गई। बताया जाता है कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूल बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह भी पता चला है कि स्कूल बस टक्कर के बाद सामने खड़े ट्रक से भी जा टकराई।

बस के चालक के हादसे के बाद बताया कि सामने से आ रही बाइक को बचाने की कोशिश में यह दुर्घटना हुई। बस की किसी सवारी को दुर्घटना में चोट नहीं आई है। घायलों को उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल भेजा गया है। उण्धर, चार्टर्ड बस इंदौर से रतलाम जा रही थी। बस ड्राइवर पंकज गिरी ने बताया, सामने अचानक मोटर साइकल आ गई। उसे बचाने का प्रयास किया। इस दौरान लेफ्ट टर्न पर खड़ी स्कूल बस से हमारी बस टकरा गई। हमारी बस की किसी भी सवारी को चोट नहीं आई है।

## महिला को ट्रेन ने कुचला, हालत गंभीर

जूनी इंदौर इलाके में सोमवार सुबह ट्रेन हादसे में एक महिला घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक डेमो ट्रेन से 60 साल की महिला टकरा गई। महिला के चीखने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। महिला को उपचार के लिये एमवाय लेकर आया गया है। उसकी हालत गभींर है। पुलिस के मुताबिक घटना मार्डन वेज कॉलोनी की है। यहां रहने वाली कुसुम बाई पति राजाराम अपने घर के पास से सुबह 6 बजे के लगभग पटरी क्रास कर रही थी। इसी दौरान डेमो ट्रेन वहां से निकली। कुसुमबाई उसकी चपेट में आ गई। वह हादसे में गंभीर घायल हो गई। कुसम बाइ की हालत नाजुक बनी हुई है। रहवासियों ने बताया कि आसपास बस्ती इलाका है। ट्रेन अधिकतर यहां से हार्न बजाकर निकलती है। लेकिन डेमो ट्रेन होने के चलते उसका हार्न नही बजा। जिसमें महिला अचानक उसकी चपेट में आ गई। महिला के दो बेटे औक एक बेटी है।

# निगम के मस्टरकर्मी की मौत शादी वाले घर में छाया मातम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गांधी नगर इलाके में रहने वाले निगम मस्टकरकर्मी की मौत हो गई। मां की मौत के बाद एक महीने पहले ही उनकी अनुकंपा नियुक्ति हुई थी। रात में वह गार्डन पर भी काम करते थे। बताया जाता है कि काम पर जाने के दौरान उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी। उनकी दो बेटियों की 14 फरवरी को शादी होना है। जिसकी तैयारी चल रही थी।**

पुलिस के मुताबिक घटना गांधी नगर की है। यहां रहने वाले संतोष (50) पिता रामचंद वैध निवासी नया बसेरा बाइक से गोम्मटगिरी स्थित गार्डन जाते समय हादसे का शिकार हो गए। संतोष को रात में लोगो ने घायल पड़े देखा।एंबुलेस से एमवाय भेजा गया। यहां उनकी मौत हो गई। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक संतोष की मां सफाईकर्मी के पद पर पोस्टेंट थी। उनकी मौत के बाद संतोष को एक माह पहले ही अनुकंपा नौकरी मिली। परिवार ने बताया कि उनकी एक माह की सैलरी भी नही आई।

संतोष के परिवार में उनकी बेटियां खुशी,धेमा ओर बिट्टू है। खुशी और धेमा की 14 फरवरी को शादी है। इसकी तैयारी चल रही थी। खुशी की बारात पलासिया इलाके से आना है। वही धेमा की नेवरी पिपल्यागांव के पास शादी पक्की हुई है। यहां खुशियां के बीच अचानक घर में मातम पसर गया है। संतोष की एक बेटी बिट्?टू की भी मानसिक हालत ठीक नही। परिवार के बाकि लोग घर से कुछ दूरी पर रहते है।

## युवक पर किया हमला

**इंदौर।** लेनदेन के विवाद में दो बदमाशों ने एक युवक पर हमला कर दिया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चंदननगर थाने में फरियादी राकेश गोस्वामी निवासी बांक की शिकायत पर आरोपी रईस और फारुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। कल भी इस बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए जिसके चलते जमकर मारपीट हुई है।




## तीन मंदिरो पर चोरों ने बोला धावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरानगर में चोरो ने एक के बाद एक तीन मंदिरो को अपना निशाना बनाया है। पुलिस को आरोपियों के मंदिर में घुसते हुए सीसीटीवी फुटेज मिले है। इसके आधार पर अब आरोपियों की तलाश की जा रही है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक ईश्वर शर्मा के साथ सुरेश चौधरी व अन्य हीरानगर थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कीम नंबर 136 सेक्टर मंमलेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी का काम करते है। वह शनिवार को ताला लगाकर मंदिर पर गए। रविवार सुबह मंदिर पर पहुंचा तो गेट खुला मिला। यहां दान पेटी गायब मिली। इसके बाद मंदिर प्रबधंन के लोगो को सूचना दी। इसके बाद मंदिर के कैमरो के फुटेज देखे तो चोर अंदर घुसते हुए दिखे। रहवासियों ने बताया कि उन्हें जानकारी लगी कि आरोपियों ने महाकालेश्वर मंदिर एमआर 10 ओर सिद्वेश्वर महादेव मंदिर आदर्श मौलिक नगर भी चोरी की वारदातें की है। पुलिस के मुताबिक उन्हें फुटेज मिले है। इनके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## उस्तार मारकर कर दिया घायल

**इंदौर।** हीरानगर में गाड़ी हटाने की बात को लेकर उस्तरे से हमले की वारदात का मामला सामने आया है। हीरानगर में जितेंद्र अपनी गाड़ी हटा रहा था। इसी दौरान सनी ने कहा कि तुमने यहां गाड़ी क्यों खड़ी की थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। गाली गलौज के बाद सनी ने उस्तरे से जितेंद्र पर हमला कर दिया। शोर हुआ तो आसपास के लोग वहां पहुंचे तो सनी वहां से फरार हो गया। इसके बाद जितेंद्र ने हीरानगर थाने पहुंचकर सनी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्त में

## अवैध शराब और बोलेरो जीप भी बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किशनगंज पुलिस ने शातिर वाहन चोर को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बदमाश से एक बोलरो जीप भी बरामद की है।**

किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि फरियादी कृष्णपाल सिंह राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश घर के सामने खड़ी जीत को चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को सूचना मिली एक बिना नम्बर की सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी मानपुर से इन्दौर तरफ आ रही है, जिसके बाद विश्वास नगर चौपाटी पर चैकिंग के दौरान एक बुलेरो वाहन बिना नम्बर का इन्दौर तरफ आते हुए दिखाई दिया। जिसका ड्रायवर पुलिस को देखकर घबराने लगा व गाड़ी को आगे पीछे कर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस टीम के द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ा। ड्रायवर का नाम पता पूछते अपना नाम सुनील पिता भूरालाल डाबर निवासी पांजरिया बताया। पास वाली सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछते अपना नाम पंकज पिता राजेश अंगारे बताया। बोलेरो वाहन को चेक करने पर वाहन में 35-35 लीटर की क्षमता वाली दो केन मिली। जिसके बाद पुलिस ने अवैध शराब व जीप जब्त की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक